







## खबर संक्षेप

### बालती में महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बालसी के पानी टंकी के पास महुआ शराब की अवैध बिक्री करते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बालसी के पानी टंकी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसने अपना नाम सुरेश भारती पिता बनिया भारती (64 साल) नूनपानी थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से करीब 07 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### छात्रा को जान की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने एक छात्रा से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के मामले में अपराध दर्ज किया है। 16 वर्षीया छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने परिजनों के साथ कटंगतराई निवासी हेमंत चौहान के घर गई थी, जो हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। वहां से लौटते समय गांव के पदुम गोनार और उसके भाई लक्ष्मण गोनार ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका एक्सीडेंट हुआ तो अच्छा हुआ। जब छात्रा ने इसका विरोध किया और पूछा कि ऐसा क्यों बोल रहे हो, तो दोनों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पदुम गोनार और लक्ष्मण गोनार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 3(5) और 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### फसल चराने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** फसल चराने से मना करने पर ग्राम परसट्ठी के एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को ग्राम परसट्ठी निवासी पुनीतराम जांगड़े ने बताया कि 24 अक्टूबर की शाम 4 बजे गांव के रूपराम साहू, नीलकमल साहू, मंगलू यादव, ईश्वनर यादव व अन्य. लोग उसके खेत के पास गाय चरा रहे थे, जिस पर उसने उन लोगों से कहा कि मेरे फसल को मत चराना। इसके बाद वह शाम करीब 6 बजे अपने ब्यारा से घर आ रहा था, तभी बम्हनी जाने के रास्ते पर गांव का रूपराम साहू, नीलकमल साहू, मंगलू यादव, ईश्वर यादव व अन्य लोगों के द्वारा उसे देखकर तुम गाय चराने से मना करने वाले कौन होते हो कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूदध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# आस्था का सैलाब, नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ छठ महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल की चतुर्थी शनिवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया। लोक आस्था के इस पर्व को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने के लिए जिले भर में तैयारियां की गई हैं। छठ महापर्व मुख्य रूप से उत्तर भारतीय भोजपुरी समाज का त्यौहार है। लेकिन, जिले में निवास करने वाले इस समाज के लोगों की बड़ी संख्या के कारण यह पर्व अब यहां भी बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है।

व्रती महिलाएं (छठहारिन) अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और मनोवांछित फल की कामना के लिए 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत रखेंगी। 25 अक्टूबर (चतुर्थी) नहाय-खाय घर की साफ-सफाई के बाद व्रती महिलाओं द्वारा स्नान कर कद्दू-चने की दाल और चावल ग्रहण कर व्रत की शुरुआत हुआ। 26 अक्टूबर (पंचमी) खरना दिनभर उपवास के बाद शाम को बिना नमक और शक्कर की रोटी और चावल (खीर) का प्रसाद बनाकर छठी मैया को भोग लगाया जाएगा। इसके बाद व्रती इस प्रसाद को ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करेंगी। 27 अक्टूबर (षष्ठी) संध्या अर्घ्य व्रत का सबसे महत्वपूर्ण दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य (दूध और जल) देने के लिए व्रती छठ घाट पर एकत्रित होंगी। 28 अक्टूबर (सप्तमी) उषा अर्घ्य उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा। इसके बाद व्रत पारण होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, छठ पूजा में चढ़ाए जाने वाला प्रसाद पूरी तरह से घर में ही तैयार किया जाता है, और बाजार से खरीदे गए तैयार प्रसाद का उपयोग वर्जित होता है। गुड़ और शुद्ध आटे से बनाए गए इस प्रसाद की शुद्धता में किसी भी प्रकार की कमी को तत्काल दैवीय सजा का भागी माना जाता है।



### महामाया तालाब और घाटों की व्यवस्था

जिला मुख्यालय में, वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, महामाया तालाब छठ पूजा का प्रमुख केंद्र है। यह वह स्थान है जहां भोजपुरी समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्र होकर अस्त और उदित होते सूर्य को अर्घ्य प्रदान करते हैं। छठ पर्व को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने महामाया तालाब के घाटों पर साफ-सफाई का कार्य करवाया है।

### स्वच्छता और शुद्धता का कठोर विधान

छठ पूजा में स्वच्छता और शुद्धता का विशेष महत्व है, जिसे के व्रती भी पूरी निष्ठा से निभाते हैं। यह पर्व केवल कठोर व्रत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके प्रसाद निर्माण में भी पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठ पूजा के विशेष प्रसाद, ठेकुआ और टिकरी, के लिए इस्तेमाल होने वाले गेहूं को बहुत सावधानी से धोकर सुखाया जाता है। इसे चिड़ियों या किसी भी अशुद्ध वस्तु से बचाने के लिए बाकायदा विशेष व्यवस्था की जाती है।



### तालाब की साफ-सफाई, उपाध्यक्ष ने लिया जायजा

**महासमुंद।** छठ पूजा के आयोजन की तैयारियों को लेकर स्थानीय महामाया तालाब की साफ-सफाई का जायजा नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, वार्ड नं. 15 के पार्षद प्रतिनिधि संजय कहार ने लिया। सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर को निर्देशित किया गया कि तालाब के किनारे अभी भी फूल माला पानी में तैर रहे है, जिसे हटवाया जाए। इसके अलावा पचरी में बरसात की काई जमी हुई है, इसलिए चूना वगैरह से सफाई कराएं। हालांकि, छठ पूजा को ध्यान में रखकर नगर पालिका सफाई टीम लगभग 15 दिनों से सफाई कार्य में जुटी हुई है। निरीक्षण के दौरान भाजपा युवा नेता शरद मराठा, गौरव राठी, छठ पूजा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



## नपाध्यक्ष के निर्देश पर छठ पर्व के पूर्व हुई महामाया तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छठ पर्व के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर महामाया तालाब छठ घाट की साफ सफाई पालिका द्वारा की गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने छठ घाट का निरीक्षण किया। साथ ही वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष साहू ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि व्रतियों तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। छठ पर्व के अवसर पर नगरजनों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। अध्यक्ष साहू ने कहा कि छठ पर्व भोजपुरी समाज के लोगों की आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पालिका द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने नगर वासियों से निवेदन किया है कि तालाब में स्वच्छता बनाए रखे, ताकि यह पवित्र अनुष्ठान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर महामाया मंदिर के पुजारीगण, सफाई सुपरवाइजर जीतू सोनी, गोपाल सोना सहित सफाई कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**योजना :** किसानों को पीएम सम्मान निधि की 21वीं किस्त का इंतजार

# जिले में 3 हजार से अधिक किसानों के आधार कार्ड नहीं हो पाए हैं अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त शीघ्र ही किसानों के खातों में जारी हो सकती है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले के किसानों को दो-दो हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलेगी। हालांकि, किस्त जारी होने से पहले जिले के कई किसानों ने अब तक अपनी ई-केवाईसी पूरी नहीं की है, और 3 हजार से अधिक किसानों के आधार कार्ड भी अपडेट नहीं हुए हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। जिले में इस कार्य में अच्छी प्रगति दर्ज की गई है। जिले के 1 लाख 33 हजार 101 किसानों की ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, जो लगभग 99 प्रतिशत है।




विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 99 प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। शेष बचे किसानों से भी अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द अपनी ई-केवाईसी करा लें, ताकि वे 21वीं किस्त के लाभ से वंचित न रहें। कोमाखान और सरायपाली विकासखंड ने 100 प्रतिशत ई-केवाईसी का लक्ष्य हासिल कर लिया है, जबकि अन्य विकासखंडों में भी यह आंकड़ा 98 से 99 प्रतिशत के बीच है। कृषि विभाग शेष 1-2 प्रतिशत किसानों को भी जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

### 29.99 करोड़ के भुगतान की संभावना

पिछली 20वीं किस्त अगस्त माह में जारी की गई थी, जिसमें जिले के 1 लाख 30 हजार 141 किसानों को 29.99 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। उम्मीद है कि 21वीं किस्त में भी लगभग इतने ही किसानों को समान निधि का भुगतान किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक पात्र किसान को 2,000 रुपए मिलेंगे। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 1 लाख 34 हजार 738 किसानों ने सम्मान निधि के लिए अपना पंजीयन कराया है।

### बायोमेट्रिक सत्यापन में कठिनाई

विभाग के सामने बायोमेट्रिक सत्यापन में भी एक व्यावहारिक दिक्कत आ रही है। जानकारी के अनुसार, कई बुजुर्ग किसानों के अंगूठे के निशान घिस चुके हैं, जिसके कारण उनका बायोमेट्रिक सत्यापन सफलतापूर्वक नहीं हो पा रहा है। ऐसे किसान, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में जाने के बाद भी ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं, उनके योजना के लाभ से वंचित रहने की आशंका है। विभाग इस समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक उपायों पर भी विचार कर रहा है ताकि कोई भी पात्र किसान वंचित न रहे।

### आधार अपडेट की समस्या

ई-केवाईसी के अलावा, एक और बड़ी चुनौती सामने आई है। जिले में 3 हजार से अधिक किसानों के आधार कार्ड अभी तक अपडेट नहीं हुए हैं। नियमानुसार, योजना का लाभ लेने के लिए किसान का बैंक खाता उसके आधार कार्ड से लिंक और अपडेट होना अनिवार्य है। आधार अपडेट नहीं होने या उसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर किस्त का पैसा अटक सकता है।

## पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में जुआरियों का अड्डा सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जुआ रेड की कार्रवाई में रंगे हाथ धरे गए जुआरी तो मुचलके पर रिहा कर दिए गए। लेकिन, जुआ खेले जाने वाले जगह होटल बालाजी को शनिवार को प्रशासनिक और पुलिस अमले की मौजूदगी में सील कर दिया गया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम बालाजी होटल पहुंची। जहां उन्होंने पहले होटल में रह रहे लोगों के साथ स्टाफ को बाहर निकाला। फिर होटल को छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध एक्ट 13 के तहत आगामी आदेश तक सील कर दिया।

छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 13 के तहत कार्रवाई करते हुए 4 दिन पहले पकड़े गए जुआ में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने होटल बालाजी को आगामी आदेश तक के लिए सील कर दिया है। बता दें कि यहां हाल ही में 18 जुआरियों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। हालांकि, दबाव में पुलिस ने जुआ के लिए आमंत्रित करने वाले और जुआ खेलने के लिए जगह उपलब्ध कराने वाले होटल मालिक को भारी दबाव के चलते सभी जुआरियों के साथ गैरजमानतीय धाराओं के बावजूद मुचलके पर रिहा कर दिया। लेकिन, शनिवार को होटल को सील करने की कार्रवाई की गई।

### यह है मामला

बता दें कि बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात रायपुर रोड स्थित बालाजी होटल के हॉल में रुपए पैसे का दांव लगाकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे 18 जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथ ताश की पत्तियों के साथ पकड़ा। जुआरियों से पौने आठ लाख जब्त हुए वहीं उनसे जब्त सामान सहित कुल जुमला 47 लाख 11 हजार का रहा। शहर के रायपुर रोड स्थित बालाजी होटल में बड़े पैमाने में जुआ खेलने और जुआरियों के जुटने की खबर के बाद कोतवाली पुलिस ने जुआ रेड कार्रवाई की थी।

### रबी वर्ष 2025-26 के लिए बीज भंडारण और वितरण की तैयारी पूरी

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले में रबी वर्ष 2025-26 के लिए बीज वितरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं बीज प्रक्रिया केंद्रों में विभिन्न फसलों के बीज का भंडारण किया गया है, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि विकासखंड महासमुंद अंतर्गत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में तिवड़ा फसल के 9.60 क्विंटल, गेहूं 12.00 क्विंटल भंडारित किया गया है। इसी तरह विकासखंड बसना में तिवड़ा 5.60 क्विंटल तथा विकासखंड सरायपाली में तिवड़ा 13.00 क्विंटल, सरसों 5.00 क्विंटल और गेहूं 15.00 क्विंटल बीज भंडारित किए गए हैं। इसी प्रकार जिले के तीनों बीज प्रक्रिया केंद्रों में भी पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध हैं। जिसमें बीज प्रक्रिया केंद्र लभराखुर्द महासमुंद में गेहूं 12.00 क्विंटल, सरसों 10.00 क्विंटल, तिवड़ा 15.20 क्विंटल, बीज प्रक्रिया केंद्र बसना में गेहूँ 22.40 क्विंटल, सरसों 2.70 क्विंटल, तिवड़ा 5.60 क्विंटल बीज उलब्ध है।

### यादव समाज का घर-घर आशीर्वाद




**महासमुंद।** नगर में यादव समाज के सदस्य परंपरा अनुसार घरों और दुकानों पर पहुंचकर लोगों को सुख–समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है।

**पूर्व-मध्य अरब सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर बना निम्न दबाव**

# जिले में गरज-चमक के साथ हो सकती है बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व-मध्य अरब सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर तक दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। जिसका प्रभाव प्रदेश के 27 जिलों पर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आने वाले दो दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम बारिश के आसार है। बता दें कि प्रदेश में एक बार फिर से मौसम बदलाव अगले दो दिनों में देखा जा सकता है। जिसका असर आज से दिखाई देने लगा है।

सुबह से ही जिले के कई तहसीलों में बादल होने के कारण धूप- छांव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्व-मध्य अरब सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर तक दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। जिससे प्रदेश में इसका असर देखने को मिलेगा। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अगले 24 घंटे के दौरान मौसम बदलने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान गरियाबंद, धमतरी, बालोद, मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं 25, 26 और 27 अक्टूबर को रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है।

### अब तक 1065.1 मिमी औसत बारिश, अब पानी गिरा तो नुकसान

जिले में पिछले पखवाड़ेभर से बारिश नहीं हुई है। एक जून के बाद से अब तक 1065.1 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। जो वर्षभर की औसत बारिश से अधिक है। जैसा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगर जिले में बारिश होती है तो अर्ली वैरायटी की धान फसल जो लगभग कटने को तैयार है उसे नुकसान पहुंचेगा। इसके अलावा सब्जी की फसलों को भी नुकसान हो सकता है। गत पखवाड़ेभर पूर्व हुई बारिश से सब्जियों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था।

## हाईवा की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, पति-पत्नी को आई चोटें

**महासमुंद।** रायपुर से संबलपुर ओडिशा घूमने जा रहे दंपत्ति की कार को हाईवा ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में पति-पत्नी को चोटें आई हैं। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली महासमुंद में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कमल विहार रायपुर निवासी प्रकाश प्रिथवानी ने बताया कि 24 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे वह अपने परिवार सहित अपनी होंडा डब्लूआरवी कार क्र सीजी 04 एमजे 9683 से ड्रायवर हरिकेश चौहान के साथ रायपुर से संबलपुर ओडिशा घूमने जा रहे था। एनएच 53 रोड परसवानी चौक बिरकोनी के पास करीब 05.15 बजे पीछे से एक हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएफ 8363 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर उसकी कार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके सीना में अंदरूनी चोट लगी है, वहीं उसकी पत्नी ममता प्रिथवानी के कमर में अंदरूनी चोट आई। साथ ही कार पीछे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस पर स्कूलों व कॉलेजों में अवकाश घोषित

**रायपुर।** राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को प्रदेश के विद्यालयों और महाविद्यालयों में शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। एक नवंबर को शनिवार होने के कारण पूर्व से ही समस्त शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अवकाश है। अब स्कूल-कॉलेजों में भी छुट्टी घोषित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि उक्त स्थानीय अवकाश बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान के लिए लागू नहीं होगा।

### फीडबैक देने महापौर ने लोगों से की अपील

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने शहर की जनता से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर को प्रथम रैंकिंग मिल सके। इसके लिए फीडबैक देने की अपील की है। महापौर के अलावा सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित अन्य एमआईसी सदस्यों ने भी लोगों से अधिका से अधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देकर शहर के प्रति अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाने की अपील की।

### दिवाली छुट्टी खत्म होने के बाद भी कई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे

**रायपुर।** दिवाली की छुट्टी खत्म होने के बाद भी कलेक्टोरेट के कई विभागों के कार्यालयों में कई कर्मचारी शुक्रवार को भी छुट्टी पर रहे। इसके कारण इन विभागों में कामकाज भी प्रभारित रहा। दिवाली में शासकीय कर्मचारियों को सोमवार एवं मंगलवार को अवकाश घोषित किया था, लेकिन कई कर्मचारी बुधवार, गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी अवकाश पर रहे है। इनमें आबकारी, कृषि, आदिमजाति विकास, पंजीयन कार्यालय, प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग के अलावा जिला पंचायत कार्यालय के कुछ विभागों के कार्यालय में भी कर्मचारी छुट्टी पर रहे।

### छग सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन आज

**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन समारोह रविवार 26 अक्टूबर को शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी व पवन प्रीतवानी ने बताया कि भगवान श्रीराम एवं साईं झूलेलाल की स्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। शाम 7 बजे से दीपक उदासी एवं टीम द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इस मौके पर शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, चकरभाटा के भगवान झूलेलाल धाम के संत साईं लालदास, देवपुरी गोदड़ीवाला धाम की महंत अम्मा मीरादेवी एवं संतजन आशीर्वाद देने उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शहर की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों के मुखीगणों, सामाजिक संस्थाओं एवं समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान रात्रिभोज का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, राधाकिशन सुंदरानी, रवि ग्वालानी, दिनेश अठवानी, राजेश वासवानी समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य शामिल होंगे।

### नमी ने बिगाड़ रखा है मौसम, दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म


**रायपुर।** बंगाल का खाड़ी से आने वाली नमी ने राज्य के मौसम को बिगाड़ रखा है। अक्टूबर का अंतिम सप्ताह शुरू होने के बाद भी रात की ठंड गायब है और गर्मी से बचाव के लिए एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। अक्टूबर के अंतिम दिनों में रात का तापमान सामान्य से कम होने लगता है, मगर इस बार पारा तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। मानसून की विदाई के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने से कुछ दिनों तक सुबह के वक्त ठंड ने दस्तक दी थी। इसके बाद ठंड का प्रभाव धीरे-धीरे कम होने लगा और वर्तमान में गर्मी महसूस होेने के कारण राहत के लिए एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक नमी की वजह से बादल छा रहे हैं जो रात बड़ी होने के बाद जमीन को ठंडा नहीं होने दे रही है।

# पहली बार स्टेशनों में गूंजने लगे छठ पर्व के गीत, 20 से अधिक स्टेशनों में शुरू हुई सुविधा

**स्टेशन की उद्घोषणा प्रणाली से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत किया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया छठी माई के करब हम वरतिया कांच ही बांस के बहंगिया..,जैसे प्रसिद्ध छठ पूजा के गीत रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों की उद्घोषणा प्रणालियों एवं टीवी डिस्प्ले से गूंज रहे हैं, जो न केवल यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ रहा है। इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ के इस अवसर को और भी खास बना दिया है। विशेषकर महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है। भारतीय रेल ने इस प्रकार का प्रयोग पहली बार किया है। हर साल छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं। अपने परिवार संग छठ पूजा मनाने जाने वाले लोगों के लिए इस वर्ष भारतीय रेल ने 12000 से अधिक विशेष ट्रेनों तथा हजारों नियमित ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को उनके घर शहर पहुंचने का जिम्मा लिया है और सफलतापूर्वक अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया है, लेकिन स्टेशनों पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत शायद पहली बार हो रहा है। यह कोशिश अपने आप में विशिष्ट है और दूर दराज से आने वाले यात्रियों को बिहार की सोंधी संस्कृति से जोड़ रही है।



#### 20 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे

रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशन ऑन रायपुर दुर्ग भिलाई पावर हाउस भाटापारा तिल्दा नेवरा सहित 20 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं। रेलवे इस प्रयोग से छठ पूजा के लिए जा रहे यात्री विशेष कर महिला यात्री खुशी व्यक्त कर रही हैं। लोक आस्था का महान पर्व छठ लोकगीतों के बिना अधूरा है। छठ घाटों की ओर जाने वाली महिलाएं समूह में छठ के गीत गाते चलती हैं और छठी मैया से अपने, परिवार, समाज और देश के लिए आशीष मांगती हैं। दूर दराज से ट्रेन पड़कर आ रहे यात्रियों की ट्रेन जब उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो यात्रियों को छठ के गीत सुनाई पड़ने लगे।

### मुक्तिधाम वह स्थान है जिसे सबसे कम प्राथमिकता

# छत्तीसगढ़ के मुक्तिधामों को हाईकोर्ट के आदेश पर मिलेगी बदहाली से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के मुक्तिधामों में बरसों-बरस से चली आ रही अव्यवस्था की बदहाली से अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुक्ति मिलेगी। बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के बाद पंचायतों, नगरीय निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीईओ को आदेश जारी कर दिया है। खास बात ये है कि सुविधाएं जुटाने के लिए डीएमएफ, सीएसआर, निकाय निधि और 15वें वित्त आयोग मद से भी राशि का उपयोग करने की अनुमति दी गई है।

- सूडा ने सभी निकाय प्रमुखों के लिए जारी किया आदेश

**ये है मामला :** दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर की गई एक जनहित याचिका पर आदेश जारी कर मुक्तिधामों की अव्यवस्था सुधारने कहा गया है। खास बात ये है कि खुद अदालत ने आदेश में कहा है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है। यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है।

**अब मुक्तिधामों में करनी होगी ये व्यवस्था :** सूडा ने सभी नगरीय निकाय से कहा है कि मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई 15 दिन में करे। इसके लिए अभियान चलाएं। समय-समय पर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक सफाई कर्मी लगाकर की जावें। नगरीय निकाय द्वारा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जावें। मुक्तिधाम परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन फेंसिंग लगाएं। जिन निकायों में डीएमएफ एवं अन्य सीएसआर की राशि उपलब्ध है, यहां लोहे के कटीली तार के माध्यम से फेसिंग कराएं। टूटे हुए प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत एवं मुक्तिधाम परिसर में पूर्व से निर्मित प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत निकाय में उपलब्ध राशि या स्वयं के कर राजस्व मद से तत्काल करें। मुक्तिधाम में एक हैण्डपंप की व्यवस्था,आवश्यकतानुसार प्रकाश की व्यवस्था हो। हर नगरीय निकायों में कम से कम एक मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय की स्वीकृति प्राप्त की जाए। यह प्रस्ताव तत्काल भेजें। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) से मुक्तिधाम परिसर में 2 शौचालय (पुरुष एवं महिला) की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजे।

#### सूडा ने जारी किया आदेश

हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीईओ के लिए आदेश जारी किया है। सूडा ने मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार के लिए कहा है। यह भी बताया है कि एक आदर्श मुक्तिधाम में किस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए।



#### खर्च के लिए खुलेगा खजाना

मुक्तिधाम की बदहाली दूर करने के लिए निकायों के पास धन की कमी होती है, लेकिन अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद रकम की कमी नहीं होगी। सूडा ने कहा है कि सुविधाओं के लिए जिला खनिज न्यास मद, सीएसआर, निकाय निधि एवं 15वें वित्त आयोग आदि मदों की राशि का उपयोग करें। इसके साथ ही मुक्तिधाम में संपन्न अंतिम संस्कार का निकाय के माध्यम से व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाए तथा मुक्तिधाम परिसर में हेल्पलाईन तथा शिकायत निवारण हेतु जिम्मेदार अधिकारी,कर्मचारियों का नाम एवं मोबाईल नम्बर सहज दृश्य स्थानों पर लिखवाएं। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इस का सतत मॉनिटरिंग करें।

# हाईट्रोक्लोरिक एसिड से लोड टैंकर का प्रेशर वॉल्व फटा, बड़ी दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

औद्योगिक उपयोग के काम आने वाला हाईड्रोक्लोरिक एसिड से भरे टैंकर का प्रेशर वाल्व फटने से शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना आरंग-अभनपुर मार्ग की है। टैंकर का प्रेशर वाल्व फटने की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रोड क्लीन करने के साथ आवागमन को एक तरफ से रोका गया। रोड क्लीन होने के बाद सामान्य रूप से आवाजाही शुरू हो पाई।

- एसिड सड़क के चारों तरफ फैला, आवागमन बाधित

मंदिर हसौद पुलिस के अनुसार विशाखापट्टनम से हाईड्रोक्लोरिक से लोड टैंकर रायपुर के लिए निकला था। आरंग-मंदिर हसौद मार्ग पर टैंकर का प्रेशर वाल्व फट गया। वाल्व फटने से एसिड पूरी सड़क पर फैल गया। एक अन्य ट्रक चालक ने टैंकर चालक को वाल्व फटने की जानकारी दी। इसके बाद टैंकर चालक ने साइड में गाड़ी खड़ी की। सड़क में एसिड फैलने से धुंआ उठने लगा। जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने एसिड पर पानी का छिड़काव कर रोड साफ किया। इसके साथ ही जहां से एसिड निकल रहा था, वहां पानी का छिड़काव किया। घटना सुबह नौ बजे की है, इस वजह से रोड में ट्रैफिक का दबाव कम था। इस वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई।



#### मेटल क्लीन करने के काम आता है

हाईड्रोक्लोरिक एसिड का इस्तेमाल घर के टॉयलेट, टाइल्स की सफाई करने के काम में आता है। इसके अलावा उच्चगुणवत्ता वाला हाईड्रोक्लोरिक एसिड उद्योगों में मेटल क्लीन करने के काम आता है। विशाखापटनम से ट्रांसपोर्ट कर लाया जा रहा हाईड्रोक्लोरिक एसिड धरसींवा, बंजारी स्थित एक मेटल उद्योग के लिए लाया जा रहा था।

# तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट में 2777 नाम, 395 सीटों की आवंटन सूची आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमबीबीएस-बीडीएस के तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। सूची में 2777 अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं। इस आधार पर 395 सीटों की आवंटन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सूची का प्रकाशन रविवार को किया जाएगा। शेड्यूल के अनुसार इस मॉपअप राउंड में प्रवेश की प्रक्रिया 28 से 31 अक्टूबर तक पूरी होगी।

- 28 से 31 अक्टूबर तक होगा एडमिशन

काउंसिलिंग की इस प्रक्रिया पर दिवाली का ब्रेक लगा था जो अब समाप्त हो चुका है। नए आवेदन के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को मेरिट सूची का प्रकाशन किया है। इसमें एमबीबीएस और बीडीएस की खाली सीटों के लिए 2777 लोगों के नाम शामिल हैं। प्रावीण्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन किया जाएगा और माहांत तक स्क्रूटनी और प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की सीट बढ़ने के बाद मॉपअप राउंड में बीडीएस सहित कुल 395 सीटों को शामिल किया गया है। राज्य में इस बार 15 मेडिकल कालेज और 7 डेंटल कालेज में बीडीएस का एडमिशन दिया जा रहा है।



#### नर्सिंग में एडमिशन 26 तक

इधर नर्सिंग कालेजों में एडमिशन की प्रक्रिया 26 अक्टूबर तक पूरी की जा रही है। जीएनएम से बीएससी में अपग्रेड हुई सीटों को काउंसिलिंग में शामिल नहीं किए जाने की वजह से नर्सिंग काउंसिलिंग कमेटी को हाईकोर्ट से भी फटकार लग चुकी है। अभी बीएससी नर्सिंग में प्रवेश की प्रक्रिया न्यूनतम 50 अंक के नियम के आधार पर की जा रही है। नर्सिंग कालेजों में एडमिशन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

**बेमुद्दत हड़ताल की चेतावनी**

# धान खरीदी से पहले सोसाइटी कंप्यूटर आपरेटर आंदोलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के कंप्यूटर आपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित हो रहे हैं। इन लोगों ने शुक्रवार को आंदोलन की शुरुआत कर दी है। इनका कहना है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो 12 नवंबर से अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जाएगा। राज्य में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होनी है। अगर मांगें नहीं मानी गईं और आंदोलन तेज हुआ, तो धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

#### ये हैं चार सूत्रीय मांगें

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री समेत प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष अपनी प्रमुख चार सूत्रीय मांगें रखी हैं। कंप्यूटर ऑपरेटरों को 12 माह का वेतन दिया जाए। वर्षों से कार्यरत ऑपरेटरों को नियमित किया जाए। धान खरीदी केंद्रों पर कार्यरत समिति कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। धान में सूखत (नमी की कमी) आने पर कर्मचारियों पर दर्ज होने वाले एफआईआर की व्यवस्था समाप्त की जाए।



#### ये है आंदोलन की रूपरेखा

संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए चरणबद्ध आंदोलन कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके तहत 24 अक्टूबर को सभी जिलों में जिला मुख्यालयों पर प्रतीकात्मक रैली और ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 3 नवंबर को संभाग स्तरीय आंदोलन को तेज किया जाएगा। 12 नवंबर से, यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं, तो प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

# जोन की ट्रेनों में मिलेंगे कवर लगे कंबल, संक्रमण की आशंका होगी कम, लंबे समय तक रहेगा टिकाऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

ट्रेन में सफर के दौरान अक्सर यात्रियों की रेलवे से शिकायत रहती है कि उन्हें गंदा व उपयोग किया हुआ कंबल दिया गया है। अब रेलवे ने इस समस्या को खत्म करने के लिए नई व्यवस्था बनाई है, जिसका लाभ जल्द ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों व जोन की ट्रेनों में भी यात्रियों को मिलेगी। रेलवे अब यात्रियों को कवर लगे हुए कंबल मुहैया कराएगा। इस दिशा में अब दपूमरे की तैयारियां शुरू होने वाली हैं।

- ट्रेनों में यात्रियों को कंबल कवर की नई सुविधा जल्द, रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों और जोन की ट्रेनों में भी मिलेगी
- पहले कंबल बिना कवर के दिए जाते थे, जिससे यात्री उनकी सफाई को लेकर चिंतित रहते थे

बीते दिनों रेलमंत्री के आदेश पर सभी जोन में सभी ट्रेनों के वातानुकूलित कोच में यह व्यवस्था बनाने में अधिकारी जुट गए हैं। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के बाद दपूमरे की ट्रेनों में यह शुरू किया जाएगा।

बता दें कि पहले कंबल बिना कवर के दिए जाते थे। रेलवे के सेट बेडरोल और कंबलों का वितरण होता है। इन बेडरोल में चादर, तकिया, तौलिया और अब कवर लगे कंबल शामिल होंगे। इससे यात्रियों को अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक यात्रा का अनुभव मिलेगा। जानकारी के मुताबिक स्टेशन से होकर चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के बीच चलने वाली ट्रेनों में यह सुविधा पहले मिल सकती है। सीपीआरओ डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने बताया कि जोन में भी सुविधा मिलेगी। धीरे-धीरे व्यवस्था बनाकर लागू की जाएगी।



#### इन बातों का रखा गया है ध्यान

जानकारी के अनुसार, कंबल कवर बनाते समय दो बातों पर खास ध्यान दिया गया है। पहला, ये लंबे समय तक टिकाऊ रहें, और दूसरा, इन्हें धोना आसान हो तथा प्रिंट फीका न पड़े। सांगानेरी प्रिंट की खासियत है कि यह मजबूत और चमकदार है, जो बार-बार धोने पर भी इनकी सुंदरता बनी रहेगी। ये कवर न केवल कंबल को साफ-सुथरा बनाए रखेंगे, बल्कि यात्रियों को कम्फर्टेबल और सुखद अनुभव भी देंगे।

#### कवर लगने से सफाई आसान होगी

रेलवे बोर्ड सभी ट्रेनों की एसी श्रेणियों में लागू किया जा रहा है। कंबलों पर खोल (कवर) लगाने से उनकी सफाई आसान होगी और हर यात्रा के बाद खोल बदले जा सकेंगे। इससे संक्रमण की आशंका कम होगी। यह कवर न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि साफ-सफाई बनाए रखना भी यहां आसान होगा। इससे यात्रियों को स्वच्छ और कम्फर्टेबल अनुभव मिलेगा। रेलवे का मानना है कि इससे यात्रियों की शिकायतें कम होंगी और यात्रा का स्तर और भी बेहतर बनेगा।

# आंख से होते हुए दिमाग तक जा घुसी पूजा की घंटी, डीके अस्पताल में दिवाली के दिन पूरी हुई चुनौतीपूर्ण सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खेलते-खेलते गिरी बच्ची की आंखों में पूजा की घंटी जा घुसी। घंटी आंख के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त करते हुए मस्तिष्क तक पहुंच गई। गंभीर हालत में बिलासपुर सिम्स से डीके हास्पिटल भेजी गई 9 साल की बच्ची का आनन-फानन ऑपरेशन हुआ। डाक्टरों की विशेष टीम ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी पूरी कर घंटी बाहर निकालने के साथ आंख और दिमाग को किसी तरह नुकसान होने से बचा लिया। बच्ची को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक हास्पिटल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। बताया जाता है कि दिवाली के दिन बच्ची खेलते हुए गिरी थी और पूजा के सामान के साथ रखी घंटी उसके चेहरे पर लगी थी। घंटी सीधे उसकी बांई आंख में घुसकर दिमाग तक पहुंच गई थी। हादसे का शिकार हुई बच्ची को घरवाले उपचार के लिए बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज ले गए थे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उसी हालत में डीके हास्पिटल भेजा गया था। मासूम बच्ची के केस के बारे में जानने के बाद डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा एवं उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने न्यूरोसर्जरी और नेत्र रोग विभाग के डाक्टरों की विशेष टीम बनाकर जरूरी ऑपरेशन की तैयारी कर ली थी। बच्ची के आने के बाद आवश्यक जांच कर उसे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। दूरबीन की मदद से चुनौती भरा ऑपरेशन पूरा करने के बाद घंटी को दिमाग के क्षतिग्रस्त हिस्से से बाहर निकालकर रिपेयर किया गया था। इसके बाद नेत्ररोग विशेषज्ञों ने घंटी से क्षतिग्रस्त आंख की सफलतापूर्वक मरम्मत की। बच्ची को आवश्यक इलाज के लिए अभी डीके हास्पिटल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। सर्जरी के बाद वह खतरे से बाहर बताई गई है।

- खेलते-खेलते घंटी पर जा गिरी थी 9 साल की बच्ची, बिलासपुर से लाई गई थी
- दूरबीन पद्धति से बाहर निकाली घंटी, आंख और मस्तिष्क दोनों सुरक्षित




#### सुबह-सुबह ऑपरेशन

लक्ष्मी पूजा को देर रात बच्ची को डीके हास्पिटल गया था। अवकाश होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम को एकत्र किया और तमाम जांच के बाद बच्ची का सफलता के साथ ऑपरेशन पूरा किया। न्यूरो सर्जन डा. राजीव साहू ने बताया कि यह केस इसलिए भी अनोखा था, क्योंकि घंटी आंखों में घुसने के बाद रेटिना और आईबॉल को डेमैज नहीं कर पाई थी।

# नवविवाहिता खुदकुशी, गिरफ्तार

### पति के साथ सास, ससुर, देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पति तथा ससुरालियों के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना के आरोप का वीडियो बनाकर खुदकुशी करने वाली महिला के पति, सास, ससुर तथा देवर को डीडीनगर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। नवविवाहिता ने 21 अक्टूबर को अपने कमरे में हाथों की नस काटकर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को महिला द्वारा लगाए गए आरोप के आधार पर गिरफ्तार किया है। मंजूषा गोस्वामी खुदकुशी मामले में पुलिस ने नवविवाहिता के पति पुर्वेंद्र पुरी गोस्वामी, देवर अभिषेक, सास पुष्पलता, ससुर विजय गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का भी अपराध दर्ज किया है। महिला ने खुदकुशी करने के पूर्व अपने मोबाइल में वीडियो बनाकर आरोप लगाया था कि शादी के बाद से उसे उसके ससुराल वाले मारपीट करने के साथ दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। घटना दिनांक को टीवी देखने तथा रिमोट छीनने के विवाद पर पूर्वेंद्र ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी।

# सीएम साय की घोषणाओं पर अमल, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में दो ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राज्य शासन के वित्त विभाग ने जहां 5000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती की सहमति प्रदान की है, वहीं 9 नवीन नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्यों के लिए 78 करोड़ 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

इन दोनों निर्णयों से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी राज्य के सर्वांगीण विकास की सबसे मजबूत नींव हैं। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर परिवार को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हों। 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्वीकृति दोनों ही निर्णय 'विकसित छत्तीसगढ़' के विजन को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षकों की नई भर्ती से ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता और निरंतरता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। वहीं नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना से स्वास्थ्य शिक्षा और सेवाओं का दायरा विस्तृत होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

***मंत्री जायसवाल बोले- यह निर्णय मील का पत्थर*** *: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस निर्णय को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति से प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह पहल छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवाओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रत्येक नर्सिंग महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।*

**5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण को स्वीकृति, युवाओं के लिए खुले रोजगार और आत्मनिर्भरता के द्वार**





***रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण : चौधरी***
*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी की मंशा के अनुरूप शिक्षा और स्वास्थ्य को राज्य की शीर्ष प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त विभाग द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की सहमति देना इसी संकल्प का हिस्सा है। शिक्षा और स्वास्थ्य में किया गया हर निवेश प्रदेश के भविष्य में किया गया निवेश है। वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए मूलभूत क्षेत्रों को संसाधन उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।*

***5000 शिक्षकों की भर्ती से शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी***
*शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।*

## खबर संक्षेप

### किशोरी से अनाचार 10 साल कारावास

**रायपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उरला थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व किशोरी से रेप करने के आरोपी को राम कुबेर साहू को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, राम कुबेर ने किशोरी को बच्चों की देखरेख करने अपने घर में ले जाकर 7 मई 2022 को रेप किया था। राम कुबेर का परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था। इस दौरान उसने किशोरी को अपने रूम में बंद कर रेप किया।

### गांजा तस्कर को 10 वर्ष कैद, एक लाख जुर्माना

**रायपुर।** एक गांजा तस्कर को कोर्ट ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई किरण थवाइत की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिस गांजा तस्कर को कोर्ट ने सजा सुनाई है, वह ओडिशा का रहने वाला है। एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने ओडिशा, गजपति निवासी बेनरदा बीरा (46) को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। जीआरपी ने स्टेशन परिसर के चबूतरा में संदिग्ध हालत में बैठे बेनरदा के बैग की तलाशी ली, तो बैग में गांजा मिला। पूछताछ करने पर बेनरदा ने ओडिशा से गांजा तस्करी कर खपाने लाए जाने की जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी ने बेनरदा के कब्जे से पिछले वर्ष 10 जुलाई को गांजा जब्त किया था।

### सैफायर ग्रीन्स परियोजना के क्लब हाउस का स्वामित्व अब निवासियों की सोसाइटी के हाथों में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) रायपुर ने विधानसभा रोड स्थित सैफायर ग्रीन्स परियोजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रकरण में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए परियोजना के समस्त कॉमन एरिया तथा क्लब हाउस का संपूर्ण प्रबंधन और नियंत्रण परियोजना में शामिल समस्त सोसाइटी की एक अपेक्स सोसाइटी गठित कर उसे हस्तांतरण करने का आदेश दिया है। ग्रीन्स विला रेजिडेंशियल को ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर के माध्यम से बिल्डर ओम बिल्डर एवं ओम कांट्रक्शन के विरुद्ध परियोजना के समस्त कॉमन एरिया, सुविधाओं तथा क्लब हाउस के विधिवत हस्तांतरण न होने और अधूरी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परिवाद दायर किया था। इस प्रकरण में आवेदकों की ओर से अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर ने पैरवी की। उन्होंने प्राधिकरण के समक्ष निवासियों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए, जिसके परिणाम स्वरूप यह महत्वपूर्ण आदेश पारित हुआ। सोसाइटी का आरोप था कि बिल्डर ने अब तक परियोजना का प्रशासनिक एवं वित्तीय हस्तांतरण नहीं किया, जबकि जल निकासी, विद्युत आपूर्ति, सड़क रखरखाव और सार्वजनिक सुविधाओं जैसे बुनियादी कार्य अधूरे पड़े हैं। साथ ही बिल्डर ने परिसर में जिम, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल और क्लब हाउस जैसी सामुदायिक सुविधाओं का व्यावसायिक उपयोग कर कानून का उल्लंघन किया।प्राधिकरण ने मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद पाया कि बिल्डर द्वारा परियोजना में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जो प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## कितनी राशि कितने किसानों को लौटाई, विभागीय अधिकारी नहीं दे रहे जवाब

# चना-बीज अधिक मूल्य पर वितरण मामले की फाइल डंप, दोषी अफसरों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में किसानों को निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचा गया गेंहू एवं चना बीज के मामले में दोषी पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में आदेश जारी हुआ था कि जिन-जिन किसानों से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अधिक मूल्य वसूल किया है, उसे वापस किया जाए। इस आदेश के तहत किसानों को राशि लौटाई भी गई है, लेकिन कितनी राशि कितने किसानों को लौटाई गई है, इस संबंध में विभागीय अधिकारी भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। साथ ही इस मामले में दोषी पाए गए अफसरों के विरुद्ध भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

हरिभूमि फॉलोअप

**कृषि विस्तार अफसरों ने करीब सात सौ किसानों को प्रति बोरी गेंहू बीज 268 एवं चना बीज 290 रुपए अधिक मूल्य पर बेचे थे**


गेंहू-चना बीज को ज्यादा रेट पर बेचा, अब होगी वसूली


गेंहू और चना बीज के निर्धारित मूल्य से ज्यादा वसूले पैसे किसानों को लौटाए गए

### 268 रुपए गेंहू बीज एवं 290 रुपए चना बीज की राशि लौटाने का आदेश

तिल्दा क्षेत्र में रबी 2024 और खरीफ 2025 सीजन में गेंहू और चना बीज वितरण में लगभग सात सौ किसानों से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अधिक मूल्य पर दोनों बीज बेचकर लाखों रुपए वसूल किए थे। इस मामले में अफसरों की जांच में पता चला था कि प्रति बोरी गेंहू बीज को 268 रुपए तथा चना बीज बोरी को 290 रुपए अधिक कीमत पर किसानों को बेचा गया था। इस जांच के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने बयान में स्वीकार किया था कि किसानों को अधिक मूल्य पर दोनों बीच उपलब्ध कराया है। हालांकि अधिकारियों ने भूलवश अधिक पैसे में बीज वितरण करना बताया था। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में समस्त विस्तार अधिकारियों को किसानों को अधिक मूल्य की राशि लौटाने का आदेश जारी किया। इसके परिपालन में विस्तार अधिकारियों ने किसानों को राशि भी लौटाई है। इस संबंध में कृषि विभाग के अफसर सतीष अवस्थी ने जानकारी भी दी है, लेकिन कितने किसानों को कितनी-कितनी राशि लौटाई गई है, इस संबंध में जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

### जिंक सल्फेट भी 8 रुपए अधिक मूल्य पर बेचा

गेहू एवं चना बीज के अलावा कृषि विस्तार अधिकारियों ने जिंक सल्फेट भी 8 रुपए अधिक मूल्य पर किसानों को बेचे जाने की शिकायत थी। जांच में यह शिकायत भी सही पाई गई थी। 42 रुपए की जगह किसानों को प्रति किलोग्राम जिंक सल्फेट 50 रुपए में उपलब्ध कराया था। इस मामले में अभी तक दोषी अफसरों को प्रभावित किसानों को अतिरिक्त राशि लौटाने का आदेश तक जारी नहीं किया गया है।

### धरसींवा विकासखंड में भी शिकायत, जांच नहीं

*सूत्रों के अनुसार तिल्दा क्षेत्र की तरह धरसींवा विकासखंड अंतर्गत किसानों को गेहू एवं चना बीज तथा जिंक सल्फेट अधिक मूल्य पर बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। इस संबंध में कृषि विभाग से लेकर जिला पंचायत में शिकायत भी की गई है, लेकिन अभी तक इस क्षेत्र में जांच नहीं कराई गई है।*

### कार्रवाई होनी चाहिए

दोषी अफसरों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए। कितने किसानों को कितनी राशि लौटाई गई है तथा धरसींवा विकासखंड क्षेत्र में भी किसानों को अधिक मूल्य पर बीज-सल्फेट बेचा गया है, तो इसकी जांच कराए जाने की मांग करेंगे।
- **संदीप यदु,** उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

## विजय शंकर मिश्रा बोले

# कांग्रेस ने किया राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का राजनीतिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने पिछले तीन दिनों में घटी आपराधिक घटनाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर किए गए आक्षेप पर पलटवार करते हुए कहा, अपराधों पर प्रलाप करने से पहले बैज को पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को नहीं भूलना चाहिए, जब छत्तीसगढ़ को सत्तावादी संरक्षण में अपराधगढ़ बना दिया गया था। राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का राजनीतिकरण कांग्रेस ने किया है।

डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस अब अपराधों को लेकर सियासी पाखण्ड का प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में जारी हुई राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट कांग्रेस सरकार के पिछले कार्यकाल के नाकारापन को रेखांकित कर रही है, जो सन 2023 की है और तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। क्या बैज अपनी सरकार के पुराने दिनों को भूल गए हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, प्रदेश में पूर्ववर्ती भूपेश सरकार का न तो लॉ एण्ड ऑर्डर पर ध्यान रहा

■ **कांग्रेस अपराधों को लेकर सियासी पाखण्ड का प्रदर्शन कर रही**

और न ही पुलिस प्रशासन सत्तावादी संरक्षण के चलते अपराधियों पर कोई सख्त कार्रवाई कर पाया। भूपेश सरकार का पूरा ध्यान तो केवल पैसों की उगाही पर ही केंद्रित रह गया था और इस काम में समूचा पुलिस प्रशासन झोंक दिया गया था। महादेव सट्टा के काम तक में पूरा पुलिस प्रशासन झोंक दिया गया था, लेकिन बैज तब खामोश रहे और अब बैज केवल सियासी रोटी सेंकने के लिए कुछ भी कह रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के 5 वर्षों के शासनकाल में 18 सौ दिन कांग्रेस सत्ता में रही है। उन 18 सौ दिनों में एक दिन ऐसा नहीं रहा होगा जिस दिन प्रदेश में अपराध न हुआ हो।

# बैज बोले- किसानों से 1 नवंबर से हो धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दीपावली त्योहार, मातर के बाद फसल की कटाई जोरों पर चलेगी, ऐसे में धान की खरीदी तुरंत शुरू की जानी चाहिए, देर करने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। 1 नवंबर तक किसानों का धान खेतों से खलिहान में आकर बेचने के लिए तैयार हो जाएगा। 15 नवंबर से खरीदी होने पर किसानों को इंतजार करना पड़ेगा। जब से राज्य बना है, राज्योत्सव के दिन 1 नवंबर से ही धान खरीदी की परंपरा रही है, इस वर्ष भी 1 नवंबर से खरीदी हो। साय सरकार पिछले दो साल से 15 दिन देरी से 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करती है। ताकि कम किसानो का धान खरीदना पड़े। श्री बैज ने कहा, एग्रीस्टेक पंजीयन की तारीख बढ़ाने के बाद भी किसानों का पंजीयन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है, अभी भी लाखों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। पोर्टल की दिक्कतों से परेशानी पैदा हो रही है। जबकि पिछले साल लगभग 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। इस वर्ष 10 प्रतिशत की ग्रोथ होती है तो तीस लाख से अधिक किसानों का पंजीयन होना चाहिए। अनुमानतः अभी तक 7 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा, उनका सोसाइटी के माध्यम से पंजीयन कराया जाना शुरू किया जाए।

# सहकारी बैंक रायपुर के कर्मियों को चार साल से वेतनवृद्धि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं मिली है। इस मामले की शिकायत केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भाजपा सदस्य एवं छत्तीसगढ़ को-आपरेटिव बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश व्यास ने की है।

श्री व्यास ने अमित शाह एवं मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतनवृद्धि पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छ.ग. रायपुर के त्रुटिपूर्ण आदेश के कारण नहीं मिल पा रही है। इस आदेश के विरुद्ध जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में वाद दायर किया गया था, उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच एवं डबल बेंच द्वारा कर्मचारियों की मांग को जायज मानते हुए वर्ष 2021 से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से वार्षिक




■ हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करने का आरोप

वेतनवृद्धि दिये जाने संबंधी आदेश पारित किया गया है। इस संबंध में याचिकाकर्ता बैंक कर्मचारियों द्वारा पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, को आदेश की प्रति सहित वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने निवेदन किया गया है, किन्तु पंजीयक की हठधर्मिता के कारण कर्मचारियों को आज दिनांक तक वार्षिक वेतनवृद्धि उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद भी अप्राप्त है।

### कोई आर्थिक भार नहीं आएगा

श्री व्यास ने पत्र में कहा है कि वार्षिक वेतनवृद्धि से राज्य शासन पर कोई आर्थिक भार नहीं आयेगा। बैंक द्वारा अपनी स्वयं द्वारा अर्जित आय,लाभ से कर्मचारियों को वेतन, भत्ते एवं एक्सग्रेसिया आदि का भुगतान किया जाता है।

### बीए, बीकॉम, बीएससी के पूरक परिणाम जारी

**रायपुर।** रविवि द्वारा बीए, बीकॉम तथा बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्र रविवि की अधिकारिक वेबसाइट में जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं। उन्हें निर्धारित अवधि तक पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना की पात्रात रहेगी।

# छठ पूजा के लिए महादेवघाट सहित 40 तालाबों की कर रहे सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेवघाट में छठ पूजा के लिए खारुन तट की सफाई का सिलसिला विगत तीन दिनों से चल रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन और छठ पूजा समितियों की संयुक्त सफाई टीम पूजा घाट को साफ-सुथरा करने के लिए जुटी है। कुछ ऐसी ही व्यवस्था बिरगांव निगम प्रशासन ने बनाई है। इस तरह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 40 तालाबों की सफाई की जा रही है। नगर निगम एवं पूजा समितियों ने रविवार शाम तक सफाई का काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि सोमवार शाम को डूबते सूर्य की आराधना करने के लिए पहुंचने वाले उपासकों को बेहतर सुविधा दे सकें।


■ रायपुर और बिरगांव निगम क्षेत्र में छठ पूजा से पहले जलकुंभी और पूजा घाट सफाई का दौर तेज

### महादेव घाट में निगम कर्मी सहित पूजा समितियों के डेढ़ सौ लोग सफाई में जुटे

*राजधानी रायपुर में छठ पर्व पर सबसे ज्यादा पूजा करने वालों की भीड़ खारुन तट पर पहुंचती है। इसे देखते हुए नगर निगम यहां विशेष सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत निगम की टीम यहां पोकलेन मशीन से घाट के किनारे जमा कीचड़ निकालने की कार्यवाही की। बताया जा रहा है कि घाट से शुक्रवार को एक ट्रक के बराबर कीचड़ निकाला गया। इसके साथ ही इस घाट पर पूजा समिति के सदस्य भी सफाई अभियान में जुटे हुए हैं, जो जलकुंभी निकालने के साथ ही सफाई कर रहे हैं। इस तरह घाट पर निगम कर्मियों एवं पूजा समिति के सदस्यों सहित करीब डेढ़ सौ लोगों की टीम सफाई अभियान में जुटी है।*

### इन प्रमुख तालाबों में भी सफाई अभियान जारी

रायपुर शहर में आमापारा तालाब, गुढ़ियारी मच्छी तालाब, गोगांव तालाब, हीरापुर, अमलीडीह, संतोषीनगर, खम्हारडीह तालाब, कचना तालाब सहित करीब 32 बड़े तालाबों में छठ पर्व पर पूजा करने लोगों की भीड़ जुटेगी। इसे देखते हुए इन तालाबों में भी नगर निगम के अलावा पूजा समितियों के सदस्य साफ-सफाई अभियान में जुटे हुए हैं। इसी प्रकार बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के 7 बड़े तालाब व्यास, उरला, उरकुरा, अचकोली, सरोरा, रावांभाठा सहित अन्य बड़े तालाबों में सफाई के लिए निगम कर्मचारियों की टीम लगी हुई है।

# नगर के मातर महोत्सव में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय तुमगांव रोड स्थित गौरा चौरा में यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित मातर पर्व में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की।

उल्लेखनीय है कि लगभग 70 वर्षो से अधिक समय से यादव समाज द्वारा मातर मेला का आयोजन अनवरत हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। यादव समाज के लोग अपने अपने परिवार से गौ वंश का दूध इकट्ठा कर रात्रि में प्रसाद स्वरूप दूध का वितरण करते है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि दीपावली पर्व के पांचवें दिन भाईदूज के दिन यह पर्व छत्तीसगढ़ के हर गांव शहर में मनाया जाता है। यह हम सबका पारंपरिक पर्व है। माताएं सुआ नृत्य करती है। वही यादव समाज के लोग घर घर पहुंचकर छत्तीसगढ़ की लोक राउत नाचा से नागरिकों का स्वागत करते है। पूर्व विधायक चोपड़ा ने कहा कि भगवान कृष्ण छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद क्षेत्र में सुख समृद्धि यश प्रदान करें। जनता के खुशहाली की कामना की।

नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि यह पर्व वार्ड नं. 14 में आयोजित होने के कारण वार्ड की जनता का सौभाग्य है। भगवान कृष्ण हर कला से पूर्ण थे, हम सबकों उनके जीवन के आदर्शो का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर पार्षदगण माखन पटेल, राजू चंद्राकर, भाजपा नेता संदीप घोष, शरद मराठा उपस्थित थे। इसके अलावा यादव समाज के प्रमुख दीनू यादव, पलाश यादव, कृपाराम यादव, जगदीश यादव, खिलावन यादव, भरत यादव, नारद यादव, पुनीत यादव आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### जलकी में श्रीमद भागवत पोथी परायण कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम जलकी में श्रीमद भागवत मूल पोथी परायण का आयोजन 25 से 31 अक्टूबर तक किया गया है। जिसके मुख्य जजमान कृष्णलाल साहू, रुक्मणि साहू व परायण संकल्प जजमान लीलाधर साहू, पतंजलि साहू, सोमप्रकाश साहू ज्योति साहू है। जानकारी देते हुए कृष्णलाल साहू ने बताया कि सुकताल वृंदावन के आचार्यों द्वारा सुबह 7 बजे से दोपहर 12 तक श्रीमद भागवत का परायण किया जाएगा। संध्या 4 बजे से हरिनाम कीर्तन व भगवत चर्चा होगी।

### रेत उत्खनन के लिए मंगाए गए आवेदन

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिसके लिए अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों का निविदा आमंत्रित किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 कुल 07 दिवस तक जमा की जाएगी। बोलियां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।



### श्याम बाबा की जयंती 1 को, कई कार्यक्रम होंगे

**महासमुंद।** श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर ग्राम भलेसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 नवंबर शनिवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर साहड़ा चौक में भव्य कलश यात्रा, पूजा एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 02 बजे से कलश यात्रा, निशान यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। तदोपरांत दोपहर 03 बजे से श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम होगा। रात्रि 08 बजे से प्रख्यात भजन गायक खगेश डड़सेना, निर्मल यादव व अविनाश लाडला अपनी प्रस्तुति देंगे।

### कबीर मंदिर में दीपावली मिलन समारोह 28 को

**महासमुंद।** शहर के रायपुर रोड स्थित स्थानीय कबीर मंदिर में 28 अक्टूबर मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे कबीरपंथी साहू समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें जिले के कबीरपंथी साहू समाज के अलावा अन्य जिलों के पदाधिकारी व केंद्रीय समिति के सदस्य उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए समाज के सेवाराम साहू, मुकुंद साहू ने बताया कि यह आयोजन जिले के समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं केंद्रीय पदाधिकारियों की सहमति से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सभी जिलों के परिक्षेत्र पदाधिकारी को निवेदन एवं आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज के वार्षिक अधिवेशन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए स्थल तय किया जाएगा। बालोद जिला से प्राप्त आवेदन के अनुसार बालोद जिला प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी इकाई के प्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे।

## समस्या: अस्थाई पटाखा दुकान हटने के बाद फैली गंदगी

# मिडिल स्कूल मैदान में गंदगी का ढेर, सफाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

दिवाली के पहले तक जहां मिडिल स्कूल मैदान पटाखा दुकानों से सजा हुआ था और रौनक देखते ही बनती थी, अब वही मैदान गंदगी से अटा पड़ा है। मैदान के चारों ओर झिल्ली, पन्नी और प्लास्टिक का कचरा बिखरा पड़ा है।

दिवाली के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी झलप पटाखा संघ एवं पंचायत द्वारा 24 अस्थाई लाइसेंसधारियों को दुकान आबंटित कर उसकी नीलामी गई, और एक नीयत राशि ली गई। लेकिन, सफाई कराने को लेकर कोई भी गंभीर नहीं है। लोगों का कहना है कि यह मैदान क्षेत्र का एकमात्र सार्वजनिक स्थल है, जहां समय-समय पर शादी, पार्टी और विभिन्न सामाजिक आयोजन होते रहते हैं, लेकिन सफाई की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। आयोजन समाप्त होने के बाद कचरा वहीं पड़ा रह जाता है। स्थानीय नागरिकों ने पंचायत और संबंधित विभाग से अपील की है कि मैदान की नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए, ताकि मैदान अपनी पुरानी रौनक वापस पा सके और स्वच्छ वातावरण बना रहे।



# तुसदा में मातर महोत्सव पर हुए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम पंचायत तुसदा में शुक्रवार को मातर महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रात्रिकालीन भव्य सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम गरिमा स्वर्णा दिवाकर नवा अंजोर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व जिला पंचायत के पूर्व सभापति थान सिंह दीवान रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत तुसदा की सरपंच हेमलता पदम साहू, जनपद सदस्य दिव्या उपेंद्र दीवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष खल्लारी लोकेश पनूरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण रूपेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री खल्लारी हीरा साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष खल्लारी पूरन सबर, सरपंच डूमरपाली लोमेश दीवान, मंडल उपाध्यक्ष खल्लारी खोमन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा सेवाराम साहू, उप सरपंच राजीव पांडे, भूपेंद्र पटेल, कलाकार पटेल, रामकुमार सिन्हा, बहुर देशकर, ओमप्रकाश ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की ओर से खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग अपने स्टाफ सहित उपस्थित रहे। उद्बोधन में जिपं उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।



## छत्तीसगढ़ में भी शीघ्र होगा स्वर्णकला बोर्ड का गठन : विधानसभा अध्यक्ष



**बसना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वर्णकला बोर्ड के गठन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सोनी समाज के राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर में डॉ. रमन सिंह से भेंट की। डॉ. सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में भी शीघ्र ही स्वर्णकला बोर्ड का गठन किया जाएगा।

# रानी दुर्गावती राष्ट्र भक्ति और नारी शक्ति की प्रतीक : संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम भीथीडीह में रानी दुर्गावती जयंती के अवसर पर आदिवासी महासंघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ एवं रानी दुर्गवती प्रतिमा अनावरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक संपत अग्रवाल रहे। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, गोड़ समाज जिला अध्यक्ष मनराखन ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, सीताराम सिंहा, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, सरपंच प्रेमशीला चक्रधर ठाकुर, प्रियरंजन कोसरिया, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, उपसरपंच शैलेंद्र डड़सेना, मनमोहन जैन रहे। अतिथियों व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रानी दुर्गावती के प्रतिमा का अनावरण व पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि के आसंदी से बसना विधायक सम्पत अग्रवाल ने कहा कि देश भर में गोंडवाना साम्राज्य की शासिका रानी दुर्गावती राष्ट्र भक्ति नारी शक्ति की प्रतीक है। आज के दिन उनकी वीरता को पूरा देश याद करता है। रानी दुर्गावती को ना केवल एक योद्धा के रूप में याद किया जाता है, बल्कि एक लोक कल्याणकारी शासक के रूप में भी याद किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी ने रानी दुर्गावती की वीरता, साहस और देश भक्ति पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने कहा कि भारत की महान वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पूरा देश मना रहा है, उनकी जीवनी और गाथा को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के हरि नेताम, रामकुमार ठाकुर, प्रेम ठाकुर, राम खड़िया, पूर्व सरपंच सुनीता डड़सेना, लाला राम डड़सेना, अशोक डड़सेना, रामाधीन सिन्हा, शिवलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



# खल्लारी विधायक के हाथों हुई मातर महोत्सव की शुरुआत

## मोहंदी और बेलर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम मोहंदी और बेलर में आयोजित मातर महोत्सव में शामिल होकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

ग्राम मोहंदी और बेलर में हर साल की तरह इस साल भी मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। आयोजित मातर महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप पूजा-अर्चना की मातर महोत्सव का शुभांरभ किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि मातर महोत्सव पर्व हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यह महोत्सव समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल की परंपराएं हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को मातर महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीणों की मांगों पर हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर ग्राम मोहंदी में समलिया यादव, खिलावन यादव, दिलीप यादव, विष्णु यादव, रामनाथ यादव, कुंजूलाल यादव, रोहित यादव, भीम यादव, गिरधारी यादव, ओमप्रकाश यादव, लूलचंद यादव, रोमनलाल यादव, टीकम यादव, विष्णु यादव, गोपाल तथा ग्राम बेलर में प्रमुख रूप से ताराचंद, कन्हैया श्रीवास्तव, ललित चंद्राकर, रामप्रसाद पटेल, ढेलूराम चंद्राकर, ओंकार गिरी गोस्वामी, खेमराज दीवान, चंदूलाल साहू, खिलेश्वर साहू, नीलकंठ यादव, एवन साहू, अरूण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।





### देवराज ने बुजुर्गों के साथ मनाया अपना जन्मदिन

**महासमुंद।** नमो-नमो मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन शहर के दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया। उन्होंने बुजुर्गों को शॉल एवं फल वितरण किया। देवराज ने कामना की कि किसी बुजुर्ग को वृद्धाश्रम में रहने का दिन ना देखना पड़े। बुजुर्ग भले ही शारीरिक रूप से कार्य करने में असक्षम हों लेकिन, उनके अनुभव व मार्गदर्शन सदा सही मार्ग प्रदर्शित करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में मोर्चा संगठन के पदाधिकारी, परिवारजन, नागरिक व आश्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए करेंगे प्रेरितः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम फुसेराडीह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान अपने उद्बोधन में तुषार ने कहा कि आज नशामुक्ति का अर्थ है, नशे की आदतों से मुक्ति प्राप्त करना। आज के समय में नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है।



शराब, सिगरेट, तंबाकू, गांजा, अफीम जैसे नशीले पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करते हैं, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करते हैं। नशे की लत व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को कम कर देती है और उसे गलत रास्ते पर ले जाती है। नशा करने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है, परिवार में कलह और असंतोष बढ़ता है। नशे के कारण अनेक अपराध भी होते हैं, जिससे समाज की शांति भंग होती है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर नशा मुक्ति के लिए कदम उठाने चाहिए। जागरुकता अभियान, शिक्षा, और नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से लोगों को इस बुराई से बाहर निकाला जा सकता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को स्वस्थ और सफल बनाना चाहिए। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। यही एक स्वस्थ, खुशहाल और सुरक्षित समाज की पहचान है।

# राष्ट्रीय कुडो टूर्नामेंट में महासमुंद की मीरा ने जीता कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

16वीं राष्ट्रीय कुडो टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में 24 से 27 अक्टूबर 2025 तक कूड़ो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हैं। महासमुंद जिले से कुल 06 खिलाड़ी सब जूनियर वर्ग में अनन्या प्रधान, जूनियर वर्ग में संजना मुन्ना, मंजू खूंटे एवं सीनियर वर्ग में मीरा पंडा, उपेंद्र प्रधान एवं रघुनाथ नेताम शामिल हैं। महासमुंद के मीरा पंडा ने सीनियर महिला वर्ग कैटगरी में कांस्य पदक जीतकर पहले दिन ही खाता खोल कर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर दिया है। बाकी खिलाड़ियों से भी अच्छे प्रदर्शन कर पदक जीतने की उम्मीद लगाई गई हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रशिक्षक राजा कौशल, अध्यक्ष लिलिमा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को कुडो खेल का लाभ मिल रहा है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन से यह खेल मान्यता प्राप्त है। निश्चित ही राज्य शासन से विजेता खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा और उनको आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। जिला कुडो एसोशिएशन के सचिव उपेंद्र प्रधान, रघुनाथ नेताम, मनीष साहू, भूपत साहू, मोतीलाल पंडा, प्रसन्ना प्रधान, उमा शंकर निराला, कैलाश निराला, सोनू छाबड़ा ने हर्ष जताया है।



### खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) राकेश पांडेय के ओडिशा प्रवास से वापसी के दौरान महासमुंद स्थित सर्किट हाऊस में आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी और युवा नेता गौरव राठी ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान नेताओं ने खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पांडेय से खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

# शांत्रीबाई महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विशेष औषधि पौधों का हुआ संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स (वनस्पतिशास्त्र) में विशेष औषधि पौधों का संग्रहण किया गया। जिसमें वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को नासा से प्रमाणित/सत्यापित औषधि पौधों के बारे में बताया।

पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा इन विशेष औषधि पौधों का संग्रहण किया गया तथा उनके गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त किए। जिसमें विशेष रूप से स्नैक प्लांटः जो हवा को शुद्ध करता है और खासकर बेंजीन फार्मेल्डिहाइड और जाइलीन जैसे विषाक पदार्थों को हटाकर लाभ पहुंचाता है। साथ ही आक्सीजन उत्पादन, मानसिक स्वास्थ्य लाभ, एलर्जी से राहत, तनाव में कमी प्रदान करता है। स्पाइडर प्लांटः हवा में नमी बढ़ाता है, हवा को शुद्ध करता है। साथ ही हवे से कार्बन मोनोआक्साइड, जाइलीन, फार्मोल्डिहाइड और टोल्विन जैसे हानिकारक रसायनों को हटाने में प्रभावी है। पोथस प्लांटः यह पौधा प्राकृतिक वायु शोधक के रूप में कार्य करता है, जो विषांक पदार्थों को हटाता है। इस पौधें में एंटीआक्सीडेंट, जीवाणुराधी, एंटीफंगल, एंटीडायबिटिक घाव भरने, एंटीअल्सर और कैंसर विरोधी गुण पाया जाता है। एलोवेरा प्लांटः- इस पौधे को बर्न प्लांट, लिली ऑफ डेजर्ट, एलीफेंट गाल के नाम से जानते है। एलोवेरा जेल एक पारदर्शी उत्पाद है जो इसकी पत्तियों में पाया जाता है। यह 96 प्रतिशत पानी से बना होता है। जिसमें 18 से 20 एमिनो एसीड, विटामिन ए, बी, सी, ई और कुछ कार्बनिक और अकार्बनिक यौगिक होते है। इसमें लिग्निन, सैपोनिंस सैलिसिलिक एसिड, विटामिन बी12, फोलिक एसिड और कोलीन शामिल है यह आपरेशन के बाद के घाव, जननांग दाद, जीर्ण घाव, जलने के घाव, मुंह में प्लाक कम करना, मुहांसा का इलाज, रक्त शर्करा नियंत्रित करना, पाचन संबंधी समस्याओं में सहायता करता है।

इन सब पौधों के बारे में छात्र/छात्राओं को क्यू आर कोड के माध्यम से जानकारी दी और एक किताब बनाकर ग्रंथालय में रखा जिसके अंतर्गत पौधों का स्थानीय नाम, वानस्पतिक नाम तथा उसका औषधि उपयोग के विषय में लिखा गया है। इस कार्य को महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सविता चंद्राकर और वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक लुकेश साहू एवं अर्शिन सालोमन के दिशा निर्देश में महाविद्यालय में संपादित कराया गया।



